# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## CUH signed MoU with L&T Electrical & Automation

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 02.10.2021**

# हकेंविवि ने एलएंडटी इलेक्ट्रिकल ऑटोमेशन के साथ किया समझौता



ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार और संजय अग्रवाल। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंविवि) महेंद्रगढ़ और एल एंड टी इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन (एसईआईपीएल की एक इकाई) स्विच गियर ट्रेनिंग सेंटर, दिल्ली अब विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु मिलकर काम करेंगे। इस संबंध में दोनों ही संस्थानों में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आपसी साझेदारी स्थापित की है। इस साझेदारी के अंतर्गत विद्यार्थियों के समक्ष आने वाली औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण की समस्या का निदान सुनिश्चित किया जाएगा। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत विद्यार्थियों को एलएंडटी के नई दिल्ली स्थित प्रशिक्षण केंद्र में इलेक्ट्रिकल और ऑटोमेशन, स्विचगियर का औद्योगिक प्रशिक्षण और इंटर्नशिप प्रदान की जाएगी।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार और एल एंड टी इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन की ओर से संजय अग्रवाल ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। विश्वविद्यालय

### विद्यार्थियों को एलएंडटी के प्रशिक्षण केंद्र में मिलेगा प्रशिक्षण

के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य इलेक्ट्रिकल और ऑटोमेशन के क्षेत्र में नवीनतम तकनीक की सुविधा विद्यार्थियों को प्रदान करना है।

उन्होंने कहता कि इस प्रयास के माध्यम से हमारे विद्यार्थी निरंतर बदल रही औद्योगिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपने ज्ञान और कौशल को समृद्ध करने में सक्षम होंगे। यह प्रयास इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, ऑटोमेशन, इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग के विद्यार्थी को विस्तृत, व्यावहारिक व औद्योगिक विस्तार प्रदान करने में मददगार साबित होगा। इस अवसर पर अवसर स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता डॉ. राजेश दुबे, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेंटर के निदेशक डॉ. विकास गर्ग, और डॉ. सुमित और एलएंडटी इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन के प्रबंधक इंजीनियर अमित कुमार भगेल उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagmarg** **Date: 02.10.2021**

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने किया एलएंडटी इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन के साथ समझौता

## अब विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए मिलकर काम करेंगे

संजीव कौशिक



महेंद्रगढ़,(जगमार्ग न्यूज)। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ और एल एंड टी इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन (एसईआईपीएल की एक इकाई) स्विचगियर ट्रेनिंग सेंटर, दिल्ली अब विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु मिलकर काम करेंगे।

इस संबंध में दोनों ही संस्थानों में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आपसी साझेदारी स्थापित की है। इस साझेदारी के अंतर्गत विद्यार्थियों के समक्ष आने वाली औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण की समस्या का निदान सुनिश्चित किया जाएगा। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत विद्यार्थियों को एल एंड टी इलेक्ट्रिकल और ऑटोमेशन, स्विचगियर प्रशिक्षण केंद्र, नई दिल्ली में औद्योगिक प्रशिक्षण और इंटर्नशिप प्रदान की जाएगी। एल एंड टी इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन, दिल्ली में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के विभिन्न क्षेत्रों जैसे स्विचगियर, ऑटोमेशन, ऊर्जा का डिजिटलीकरण, पावर सिस्टम, रिन्यूएबल्स में पावर गियर सॉल्यूशंस, उद्योग 4.0 आदि में विद्यार्थियों को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार और एल एंड टी इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन की ओर से संजय अग्रवाल ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य इलेक्ट्रिकल और ऑटोमेशन के क्षेत्र में नवीनतम तकनीक की सुविधा विद्यार्थियों को प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस प्रयास के माध्यम से हमारे विद्यार्थी निरंतर बदल रही औद्योगिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपने ज्ञान और कौशल को समृद्ध करने में सक्षम होंगे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 02.10.2021**

# एल एंड टी इलेक्ट्रिकल एंड आटोमेशन के साथ समझौता

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ और एलएंडटी इलेक्ट्रिकल एंड आटोमेशन (एसईआइपीएल की एक इकाई) स्विचगियर ट्रेनिंग सेंटर, दिल्ली अब विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। इस संबंध में दोनों ही संस्थानों में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आपसी साझेदारी स्थापित की है। इस साझेदारी के अंतर्गत विद्यार्थियों के समक्ष आने वाली औद्योगिक आवश्कताओं के अनुरूप प्रशिक्षण की समस्या का निदान सुनिश्चित किया जाएगा। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत विद्यार्थियों को एल एंड टी इलेक्ट्रिकल और आटोमेशन, स्विचगियर प्रशिक्षण केंद्र,



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व संजय अग्रवाल ● साभार हकेंवि

नई दिल्ली में औद्योगिक प्रशिक्षण और इंटर्नशिप प्रदान की जाएगी। एल एंड टी इलेक्ट्रिकल एंड आटोमेशन, दिल्ली में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के विभिन्न क्षेत्रों जैसे स्विचगियर, आटोमेशन, ऊर्जा का डिजिटलीकरण, पावर सिस्टम, रिन्यूएबल्स में पावर गियर साल्यूशंस, उद्योग 4.0 आदि में विद्यार्थियों को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार और एल एंड टी इलेक्ट्रिकल एंड आटोमेशन की ओर से संजय अग्रवाल ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य इलेक्ट्रिकल और आटोमेशन के क्षेत्र में नवीनतम तकनीक की सुविधा विद्यार्थियों को प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस प्रयास के माध्यम से हमारे विद्यार्थी निरंतर बदल रही औद्योगिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपने ज्ञान और कौशल को समृद्ध करने में सक्षम होंगे। यह प्रयास इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन, आटोमेशन, इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग के विद्यार्थी को विस्तृत, व्यावहारिक व औद्योगिक विस्तार प्रदान करने में मददगार साबित होगा। इस अवसर पर डा. राजेश दुबे, डा. विकास गर्ग, और डा सुमित और अमित कुमार मौजूद थे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 02.10.2021**

# हकेंवि का एल एंड टी इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन के साथ समझौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय व एलएंडटी इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन (एसईआईपीएल की एक इकाई) स्विचगियर ट्रेनिंग सेंटर दिल्ली अब विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु मिलकर काम करेंगे। इस संबंध में दोनों ही संस्थानों में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आपसी साझेदारी स्थापित की है। इस साझेदारी के अंतर्गत विद्यार्थियों के समक्ष आने वाली औद्योगिक आवश्कताओं के अनुरूप प्रशिक्षण की समस्या का निदान सुनिश्चित किया जाएगा। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत विद्यार्थियों को एलएंडटी इलेक्ट्रिकल व ऑटोमेशन स्विचगियर प्रशिक्षण केंद्र नई दिल्ली में औद्योगिक प्रशिक्षण और इंटर्नशिप प्रदान की जाएगी। एलएंडटी इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन दिल्ली में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के विभिन्न क्षेत्रों जैसे स्विचगियर, ऑटोमेशन, ऊर्जा का डिजिटलीकरण, पावर सिस्टम, रिन्यूएबल्स में पावर गियर सॉल्यूशंस, उद्योग 4.0 आदि में विद्यार्थियों को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।



महेंद्रगढ़। समझौता पर हस्ताक्षर आदान प्रदान करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Jyoti Darpan** **Date: 02.10.2021**

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने एल एंड टी इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन के साथ समझौता

नारनौल, राजेश राज गोयल, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ और एल एंड टी इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन (एसईआईपीएल की एक इकाई) स्विचगियर ट्रेनिंग सेंटर, दिल्ली अब विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु मिलकर काम करेंगे। इस संबंध में दोनों ही संस्थानों में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आपसी साझेदारी स्थापित की है। इस साझेदारी के अंतर्गत विद्यार्थियों के समक्ष आने वाली औद्योगिक आवश्कताओं के अनुरूप प्रशिक्षण की समस्या का निदान सुनिश्चित किया जाएगा। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत विद्यार्थियों को एल एंड टी इलेक्ट्रिकल और ऑटोमेशन, स्विचगियर प्रशिक्षण केंद्र, नई दिल्ली में औद्योगिक प्रशिक्षण और इंटर्नशिप प्रदान की जाएगी। एल एंड टी इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन, दिल्ली में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के विभिन्न क्षेत्रों जैसे स्विचगियर, ऑटोमेशन, ऊर्जा का डिजिटलीकरण, पावर सिस्टम, रिन्यूएबल्स में पावर गियर सॉल्यूशंस, उद्योग 4.0 आदि में विद्यार्थियों को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार और एल एंड टी इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन की ओर से संजय अग्रवाल ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य इलेक्ट्रिकल और ऑटोमेशन के क्षेत्र में नवीनतम तकनीक की सुविधा विद्यार्थियों को प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस प्रयास के माध्यम से हमारे विद्यार्थी निरंतर बदल रही औद्योगिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपने ज्ञान और कौशल को समृद्ध करने में सक्षम होंगे। यह प्रयास इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, ऑटोमेशन, इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग के विद्यार्थी को विस्तृत, व्यावहारिक व औद्योगिक विस्तार प्रदान करने में मददगार साबित होगा। इस अवसर पर अवसर स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता डॉ. राजेश दुबे, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेंटर के निदेशक डॉ. विकास गर्ग, और डॉ सुमित और एलएंडटी इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन के प्रबंधक इंजीनियर अमित कुमार भगेल उपस्थित थे।



# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 02.10.2021**

# हकेंवि ने एल. एंड टी. इलैक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन के साथ साइन किया एम.ओ.यू.

महेंद्रगढ़ 1 अक्तूबर (परमजीत/मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ और एल. एंड टी. इलैक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन (एस.ई.आई.पी.एल. की एक इकाई) स्विचगियर ट्रेनिंग सैंटर, दिल्ली अब विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु मिलकर काम करेंगे। इस संबंध में दोनों ही संस्थानों में समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर कर आपसी सांझेदारी स्थापित की है।

इस सांझेदारी के अंतर्गत विद्यार्थियों के समक्ष आने वाली औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण की समस्या का निदान सुनिश्चित किया जाएगा। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत विद्यार्थियों को एल. एंड टी. इलैक्ट्रिकल और ऑटोमेशन, स्विचगियर प्रशिक्षण केंद्र, नई दिल्ली में औद्योगिक प्रशिक्षण और इंटर्नशिप प्रदान की जाएगी।



*दोनों संस्थानों में अधिकारी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते समय।*

एल. एंड टी. इलैक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन, दिल्ली में इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के विभिन्न क्षेत्रों जैसे स्विचगियर, ऑटोमेशन, ऊर्जा का डिजिटलीकरण, पावर सिस्टम, रिन्यूएबल्स में पावर गियर सॉल्यूशंस, उद्योग 4.0 आदि में विद्यार्थियों को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार और एल. एंड टी. इलैक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन की ओर से संजय अग्रवाल ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस सांझेदारी का उद्देश्य इलैक्ट्रिकल और ऑटोमेशन के क्षेत्र में नवीनतम तकनीक की सुविधा विद्यार्थियों को प्रदान करना है।

इस प्रयास के माध्यम से हमारे विद्यार्थी निरंतर बदल रही औद्योगिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपने ज्ञान और कौशल को समृद्ध करने में सक्षम होंगे। यह प्रयास इलैक्ट्रिकल, इलैक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, ऑटोमेशन, इंस्ट्रूमैंटेशन इंजीनियरिंग के विद्यार्थी को विस्तृत, व्यावहारिक व औद्योगिक विस्तार प्रदान करने में मददगार साबित होगा।

इस अवसर पर अवसर स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी के अधिष्ठाता डॉ. राजेश दुबे, ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैंटर के निदेशक डॉ. विकास गर्ग, और डॉ. सुमित और एल. एंड टी. इलैक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन के प्रबंधक इंजीनियर अमित कुमार भगेल उपस्थित थे।